NES High School, Bhandup
I Preliminary Examination

Date : 14-12-18　　Sub : Hindi (Full)　　Marks :50
Std. : X Div :　　No. of Pages : 06　　Time : 1½ Hrs.

---

'गदय विभाग'

प्र.१ पठित परिच्छेद पर आधारित निम्नलिखित कृतियाँ पूर्ण कीजिए ।

उस दिन लड़के ने तैश में आकर लक्ष्मी की पीठ पर चार डंडे बरसा दिए थे । वह बड़ी भयभीत और घबराई थी । जो भी उसके पास जाता, सिर हिला उसे मारने की कोशिश करती या फिर उछलती-कूदती, गले की रस्सी तोड़कर खूँटे से आजाद होने का प्रयास करती ।

करामत अली इधर दो-चार दिनों से अस्वस्थ था । लेकिन जब उसने यह सुना कि रहमान ने गाय की पीठ पर डंडे बरसाए हैं तो उससे रहा नहीं गया । वह किसी प्रकार चारपाई से उठकर धीरे-धीरे चलकर बथान में आया । आगे बढ़कर उसके माथे पर हाथ फेरा, पुचकारा और हौले-से उसकी पीठ पर हाथ फेरा । लक्ष्मी के शरीर में एक सिहरन-सी दौड़ गई ।

"ओह! कंबख्त ने कितनी बेदर्दी से पीटा है ।"

उसकी बीबी रमजानी बोली- "लो, चोट की जगह पर यह रोगन लगा दो । बेचारी को आराम मिलेगा ।"

करामत अली गुस्से में बोला - "क्या अच्छा हो अगर इसी लाठी से तुम्हारे रहमान के दोनों हाथ तोड़ दिए जाएँ । कहीं इस तरह पीटा जाता है? "

रमजानी बोली - "लक्ष्मी ने आज भी दूध नहीं दिया ।"

"तो उसकी सजा इसे लाठियों से दी? "

रहमान से गलती हो गई, इसे वह भी कबूलता है ।"

रमजानी कुछ क्षण खड़ी रही फिर वहाँ से हटती हुई बोली - "देखो, अपना खयाल रखो । पाँव इधर-उधर गया तो कमर सिंकवाते रहोगे ।"

१) संजाल पूर्ण कीजिए । (०२)

मार के कारण लक्ष्मी के व्यवहार में आया परिवर्तन

[ ] [ ] [ ] [ ]

२) १. एक शब्द में उत्तर लिखिए । (०१)

१) लड़के ने तैश में आकर किसकी पीठ पर चार डंडे बरसा दिए थे?

२) कौन दो-चार दिनों से अस्वस्थ था?

२) २. कारण लिखिए । (०१)

१) रमजानी ने करामत अली को रोगन दिया ।

Scanned by CamScanner

३) १. निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग अलग करके नए शब्द लिखिए । (०१)

१) अस्वस्थ

२) बेदर्दी

३) २. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए । (०१)

१) गऊ

२) हस्त

४) स्वमत अभिव्यक्ति (०२)


'जानवरों को कष्ट नहीं चाहिए ।, इस विषय पर अपने विचार लिखिए ।

प्र. २ पठित परिच्छेद पर आधारित निम्नलिखित कृतियाँ पूर्ण कीजिए ।


आँख खुली तो मैंने अपने-आपको एक बिस्तर पर पाया । इर्द-गिर्द कुछ परिचित-अपरिचित चेहरे खड़े थे । आँख खुलते ही उनके चेहरों पर उत्सुकता की लहर दौड़ गई । मैंने कराहते हुए पूछा - "मैं कहाँ हूँ ?"

"आप सार्वजनिक अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में हैं । आपका ऐक्सिडेंट हो गया था । सिर्फ पैर का फ्रेक्चर हुआ है । अब घबराने की कोई बात नहीं ।" एक चेहरा इतनी तेजी से जवाब देता है, लगता है मेरे होश आने तक वह इसीलिए रूका रहा । अब मैं अपनी टाँगों की ओर देखता हूँ । मेरी एक टाँग अपनी जगह पर सही-सलामत थी और दूसरी टाँग रेत की थैली के सहारे एक स्टैंड पर लटक रही थी । मेरे दिमाग में एक नये मुहावरे का जन्म हुआ । 'टाँग का टूटना' यानी सार्व जनिक अस्पताल में कुछ दिन रहना । सार्वजनिक अस्पताल का खयाल आते ही मैं काँप उठा । अस्पताल वैसे ही एक खतरनाक शब्द होता है, फिर यदि उसके साथ सार्वजनिक शब्द चिपका हो तो समझो आत्मा से परमात्मा के मिलन होने का समय आ गया । अब मुझे यूँ लगा कि मेरी टाँग टूटना मात्र एक घटना है और सार्वजनिक अस्पताल में भरती होना दुर्घटना ।

१) १. आकृति पूर्ण कीजिए । (०१)



१) २ . आकृति पूर्ण कीजिए । (०१)




२) ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर निम्नलिखित शब्द हो । (०२)

१ . प्राइवेट

२ . पैर

३) १ . निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग जोड़कर नए शब्द बनाइए । (०१)

१) होश

२) दिन

२ . निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद से खोजकर लिखिए । (०१)

१) पग


२) ईश्वर

४) सार्वजनिक अस्पताल के बारे में ८ से १० वाक्य लिखिए । (०२)


प्र . ३ पठित पदयांश पर आधारित कृतियाँ पूर्ण कीजिए ।

हिमालय के आँगन में उसे, किरणों का दे उपहार
उषा ने हँस अभिनंदन किया, और पहनाया हीरक हार ।
जगे हम, लगे जगाने विश्व, लोक में फैला फिर आलोक
व्योमतम पुंज हुआ तव नष्ट, अखिल संसृति हो उठी अशोक ।
विमल वाणी ने वीणा ली, कमल कोमल कर में सप्रीत
सप्तस्वर सप्तसिंधु में उठे, छिड़ा तव मधुर साम संगीत ।......

१) १ . आकृति पूर्ण कीजिए । (०१)




२ . (०१)




Scanned by CamScanner

२) १. एक शब्द में उत्तर लिखिए। (०१)

१) किसने हँसकर भारत का अभिनंदन किया ?

२) स्वयं जागकर हम किसे जगाने लगे ?

२. निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए। (०१)

१) भारत के कारण सारे संसार का शोक खत्म हुआ।


२) विमल वाणी ने सितार लाया।

३) पदयांश की प्रथम दो पंक्तियों का भावार्थ लिखिए। (०२)

प्र.४ पठित पदयांश पर आधारित कृतियाँ पूर्ण कीजिए।

चरित थे पूत, भुजा में शक्ति, नम्रता रही सदा संपन्न
हृदय के गौरव में था गर्व, किसी को देख न सके विपन्न।
हमारे संचय में था दान, अतिथि थे सदा हमारे देव
वचन में सत्य, हृदय में तेज, प्रतिज्ञा में रहती थी टेव।
वही है रक्त, वही है देश, वही साहस है, वैसा ज्ञान
वही है शांति, वही है शक्ति, वही हम दिव्य आर्य संतान।
जिएँ तो सदा इसी के लिए, यही अभिमान रहे यह हर्ष
निछावर कर दें हम सर्वस्व, हमारा प्यारा भारतवर्ष।

१) (०२)




२) १. एक शब्द में उत्तर लिखिए। (०१)

१) हमारे संचय का कारण ः

२) हमारे पूर्वज ः

२. निम्नलिखित विधान सही हैं या गलत, लिखिए। (०१)

१) हम सभी आर्यों की संतानें हैं।

२) हम भारत पर अपना सर्वस्व अर्पित नहीं कर सकतें है।

३) पदयांश की प्रथम दो पंक्तियों का भावार्थ लिखिए। (०२)

प्र.५ पठित गदयांश (पूरक पठन) पर आधारित कृतियाँ पूर्ण कीजिए।

कुछ दिनों पहले एक कंप्यूटर ने मुझे चालीस हजार रूपयों में खरीदा है। आज-कल उसकी गुलामी में हूँ। उसके नखरों को सिर झुकाकर झेलने में ही अपना कल्याण देख रहा हूँ। उसका वादा है कि एक दिन वह मुझे लिखने-पढ़ने की पूरी आजादी देगा। फिलहाल उसकी एकनिष्ठ सेवा में ही मेरा उज्ज्वल भविष्य है।

Scanned by CamScanner

इसके पहले एक मोटर मुझे भारी दामों में खरीद चुकी है । उसकी सेवा में भी हूं । दरअसल, चीजों का एक पूरा परिवार है जिसकी सेवा में हूं । आदमी का स्वभाव नहीं बदलता या बहुत कम बदलता है । गुलामी करना-करवाना उसके स्वभाव में है । सिर्फ तरीके बदले हैं, गुलामी की प्रवृत्ति नहीं । हजारों साल पहले एक आदमी मालिक होता था और उसके दरजनों गुलाम होते थे । अब हर चीज के दरजनों गुलाम होते हैं ।

१) १. (०१)

लेखक इनकी सेवा में लगे हैं

२. (०१)

कंप्यूटर एक दिन लेखक को इसकी आजादी देगा


२) 'गुलामी करना-करवाना मनुष्य के स्वभाव में है', इस संदर्भ में अपने विचार लिखिए । (०२)

प्र.६ पठित (पूरक पठन)पद्यांश पर आधारित कृतियां पूर्ण कीजिए ।

मन की पीड़ा
छाई बन बादल
बरसी आँखें ।
चलतीं साथ
पटरियां रेल की
फिर भी मौन ।
सितारे छिप
बादलों की ओट में
सूना आकाश ।
तुमने दिए
जिन गीतों को स्वर
हुए अमर ।
सागर में भी
रहकर मछली
प्यासी ही रही ।

Scanned by CamScanner

१) (०२)




२) 'संतोष से बढ़कर कोई और संपत्ति नहीं', इस संदर्भ में ८ से १० वाक्य लिखिए। (०२)

प्र.७ व्याकरण कृतियां।

१) अधोरेखांकित शब्दों के भेद लिखिए। (०२)

१. पिता जी की <u>दो</u> गाड़ियां थी।

२. पक्षियों का <u>झुंड</u> किनारे पर बैठा था।

२) निम्नलिखित अव्यय शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए। (०१)

१. के बिना ः

३) सूचना के अनुसार काल परिवर्तन कीजिए। (०१)

१. पिता जी विदेश यात्रा पर जाएँगे। (पूर्ण भूतकाल)

४) तालिका पूर्ण कीजिए। (०२)

| | संधि शब्द | संधि विच्छेद | भेद |
|---|---|---|---|
| १. | चयन | ............... | ............... |
| २. | ............... | उत् + कृष्ट | ............ |

५) १. सूचना के अनुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए। (०१)

१) बुद्धिराम स्वभाव से सज्जन थे। (प्रश्नार्थक वाक्य)

२. निम्नलिखित वाक्य का रचना के अनुसार भेद लिखिए। (०१)

१) सुनिल ने इशारा किया और अनिल उसका इशारा समझ गया।

६) निम्नलिखित वाक्य में उचित विरामचिह्नों का प्रयोग कीजिए। (०१)

१) करामत अली इधर दो चार दिनों से अस्वस्थ था।

प्र.८ उपयोजित लेखन ः (०५)

| शिकायतकर्ता | विनती पत्र | मनपा विभाग |
|---|---|---|
| रीमा /राहुल शाह, रूम नं १७, श्री साई सदन, प्रभादेवी, मुंबई। | सूखे, जर्जर व घातक वृक्ष को कटवाने हेतु | मुंबई महानगरपालिका, सी.एस.टी., मुंबई। |

..................

Scanned by CamScanner